# नई गति देगा ग्रीन फील्ड कॉरिडोर : डॉ . मोहन यादव

- पितृ पर्वत से महाकाल तक आसान होगा सफर
- सिंहस्थ के लिए होगी बड़ी सौगात



**नवभारत न्यूज़**

इंदौर. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन-सांवेर-इंदौर क्षेत्र में बनने वाला फोरलेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर क्षेत्रीय विकास, व्यापार, पर्यटन और धार्मिक गतिविधियों को नई गति देगा. उन्होंने केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ चंद्रावतीगंज में लगभग 2,935 करोड़ रुपये लागत की इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर परियोजना का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर दोनों नेताओं ने प्रदेश में कुल 5,657 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया.

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि करीब 48 किलोमीटर लंबे इस फोरलेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के निर्माण से इंदौर के पितृ पर्वत क्षेत्र से उज्जैन के चिंतामन गणेश मंदिर और सिंहस्थ बायपास तक सीधा एवं तेज संपर्क स्थापित होगा. इससे इंदौर और उज्जैन के बीच आवागमन आसान होगा तथा सिंहस्थ 2028 में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी. उन्होंने बताया कि किसानों की मांग पर परियोजना की ऊंचाई कम की गई है, जिससे स्थानीय किसानों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी. यह कॉरिडोर क्षेत्र के व्यापार, उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को भी नई दिशा देगा. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हेलमेट सुरक्षा अभियान की शुरुआत करते हुए युवाओं को हेलमेट वितरित किए. उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट जीवन रक्षक साबित होता है और दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए.

**परियोजनाओं का लोकार्पण व भूमिपूजन:** मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 42 हजार से अधिक आवासों का भूमि-पूजन और 38 हजार आवासों में गृह-प्रवेश कराया. इसके अलावा 446 करोड़ रुपये की 116 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 310 करोड़ रुपये से अधिक की 37 परियोजनाओं का भूमिपूजन किया गया. स्वनिधि योजना के तहत क्षेत्र के 20 हजार छोटे व्यापारियों को 51 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी जारी की गई.

**एमपी ने सर्वाधिक गेहूं खरीदा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने किसानों से सर्वाधिक गेहूं खरीदकर नया रिकॉर्ड बनाया है. राज्य सरकार ने करीब 14 लाख किसानों से गेहूं उपार्जन कर 2,625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया है. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है.

**खट्टर ने की सराहना :** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आधारभूत संरचना, आवास और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं. उन्होंने उज्जैन में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र देश के प्रमुख धार्मिक और आर्थिक केंद्रों में शामिल होगा.

**सुविधाओं का किया जा रहा विस्तार:** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेजी से चल रही हैं और उज्जैन में क्षिप्रा नदी के घाटों सहित विभिन्न सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

### कांग्रेस पर बोला हमला

मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने अपने संबोधन के दौरान कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण देश को लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ी. उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है, जिससे देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है . मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने कांग्रेस की नीतियों और कार्यशैली को नकारते हुए लगातार चुनावों में उसे सत्ता से बाहर किया है . उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वर्षों तक वोट बैंक की राजनीति को प्राथमिकता दी, जबकि वर्तमान सरकार विकास, सुरक्षा और सुशासन को केंद्र में रखकर कार्य कर रही है .

# सड़कों और पुल का जाल, उसके बीच यूनिटी मॉल



- 36 राज्यों के उत्पाद एक छत के नीचे बिकेंगे
- मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने देखा प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन
- खट्टर ने की सराहना

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. शहर के पुराने हरिफाटक मार्ग पर पर सड़कों और पुल का जहां जाल बिछाया जा चुका है वहां पर यूनिटी मॉल ने आकर ले लिया है. शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने निर्माणाधीन पीएम एकता मॉल का अवलोकन किया और इसकी विशेषताओं पर आधारित डॉक्यूमेंट्री तथा प्रेजेंटेशन देखा.**

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मॉल की सराहना करते हुए कहा कि यह उज्जैन को नई पहचान देगा. वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अनेकता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है और इसी भावना को साकार करने के लिए पीएम एकता मॉल का निर्माण किया जा रहा है. उज्जैन विकास प्राधिकार ने वाकई तेजी से इसका निर्माण कराया है.

**देश की विविधता एक मंच पर :** पीएम एकता मॉल देश की विविधता को एक मंच पर प्रस्तुत करेगा. यहां देश के विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध और पारंपरिक उत्पादों की बिक्री होगी. लगभग 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विशेष हस्तशिल्प, कला, वस्त्र और स्थानीय उत्पादों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा. इससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और देशभर से आने वाले पर्यटकों को खरीदारी का बेहतर अवसर मिलेगा.

**महाकाल के पास मॉल :** महाकाल मंदिर के निकट स्थित यह मॉल बनने से धार्मिक पर्यटन के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है. हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं. सिंहस्थ-2028 को देखते हुए भी यह परियोजना महत्वपूर्ण है. यहां आने वाले श्रद्धालु दर्शन के साथ खरीदारी, मनोरंजन और अन्य सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे. इससे शहर की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और रोजगार के हजारों अवसर भी सृजित होंगे.

**पर्यटन का बड़ा केंद्र:** यूनिटी मॉल परिसर के आसपास तेजी से धार्मिक और पर्यटन अधोसंरचना विकसित की जा रही है. इसी क्षेत्र में महाकाल भक्त निवास का निर्माण भी चल रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर आवास सुविधाएं मिल सकेंगी. वहीं मॉल के पीछे श्रीकृष्ण लोक विकसित करने की योजना है, जहां भगवान श्रीकृष्ण की विराट प्रतिमा स्थापित की जाएगी. इससे यह पूरा क्षेत्र धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन जाएगा.

**70% काम पूरा :** विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी और सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि इस मॉल में आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मल्टीप्लेक्स, फूड कोर्ट, गेम जोन, कन्वेंशन सेंटर, होटल और अन्य विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही है. अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य 70 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है और शेष कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है.

**प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पण :** नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार अनुसार योजना पूर्ण होने के बाद इसके लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किए जाने की तैयारी भी की जा रही है. यदि ऐसा होता है तो यह उज्जैन के लिए एक और बड़ी उपलब्धि होगी.

### सड़कों का मजबूत नेटवर्क

पीएम एकता मॉल का स्थान चयन भी इसकी सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक माना जा रहा है . यह हरिफाटक ब्रिज के समीप स्थित है, जहां तक पहुंचने के लिए टू-लेन, फोर-लेन और सिक्स-लेन सड़कों का मजबूत नेटवर्क विकसित किया जा चुका है . मॉल के आसपास स्मार्ट पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है, वहीं चार बड़े पुल और सिक्स लेन ब्रिज भी यातायात को सुगम बनाते हैं . चिंतामन गणेश मंदिर जाने का प्रमुख मार्ग भी यहीं से गुजरता है . रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड की निकटता इसे और अधिक उपयोगी बनाती है .

# लारेंस गैंग के गुर्गों पर क्राईम ब्रांच का शिकंजा

- पांच बदमाश दोबारा रिमांड पर लेकर पूछताछ तेज

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. शहर के दो बिल्डरों को लारेंस विश्नोई गैंग के नाम पर धमकाकर वसूली मांगने के मामले में क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई तेज कर दी है. मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों को एक बार फिर जेल से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है. पुलिस को पूछताछ में इंदौर समेत आसपास के जिलों में फैले नेटवर्क के अहम सुराग मिले हैं.

क्राइम ब्रांच ने बिल्डर को गैंगस्टर लारेंस विश्नोई और हैरी बॉक्सर के नाम से धमकाने के मामले में एसआईटी गठित की थी. इस मामले में पहले ही सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इनमें से राजपाल चंद्रावत, कुलदीप, योगेश भाटी, सचिन और राहुल को दोबारा रिमांड पर लिया है. पुलिस ने पांचों आरोपियों को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की. उनके बयानों का आपस में मिलान कर क्रॉस चेक किया जा रहा है.

### कई अहम जानकारियां आई सामने

सूत्रों का कहना है कि पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं, जिनमें इंदौर और आसपास के जिलों में सक्रिय उनके साथियों के नाम भी शामिल हैं . क्राइम ब्रांच अब इन फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है . जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा और अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा .



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नितिन नवीन की टीम की....

वरिष्ठ नेताओं में सुनील बंसल,विनोद तावड़े,तरूण चुघ, राम माधव, अनुराग ठाकुर, सुधांशु त्रिवेदी, अरूण सिंह, राधा मोहन दास अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह चौधरी, लक्ष्मी कांत वाजपेयी,मंगल पांडे, कैलाश विजयवर्गीय, बीडी शर्मा, नरोत्तम मिश्रा, संजय जायसवाल को टीम में शामिल किया जा सकता है. इतना ही नहीं महिलाओं में स्मृति ईरानी, डी पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, अर्चना गुप्ता, मीनाक्षी लेखी, विजया रहाटकर, कविता पाटीदार,लता एलकर, रेणुका सिंह, अदिति सिंह, आशा लाकड़ा, भक्ति शर्मा,अल्पना बंदोपाध्याय ,लाकेट चटर्जी, लता उसेंडी में से ज्यादातर महिला नेताओं को स्थान मिल सकता है. युवा नेताओं में विप्लव देव, रावणित सिंह बिट्टू, तेजस्वी सूर्या, वैभव सिंह, अभिनव प्रकाश, जितू जिराती, गौरव तिवारी, अभिषेक देवराय, प्रतिमा भौमिक, पीयूष हजारिका, तपन कुमार गोगोई, पंकज सिंह, कपिल देव अग्रवाल में ज्यादातर युवाओं को मौका मिल सकता है. सूत्रों कि माने तो मौजूदा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के 396 सदस्यों, संसदीय बोर्ड के 12 सदस्यों, 7 महासचिवों, 12 उपाध्यक्षों व 11 राष्ट्रीय सचिवों की संख्या में बढ़ोतरी करने को लेकर बहुस्तरीय विमर्श चल रहा है. ऐसे में यदि उक्त सांगठनिक ढांचे में संख्या बढ़ोत्तरी का फार्मूला लागू किया गया तो नितिन नवीन की टीम और बड़ी हो सकती है.





एक्स-शोरूम कीमत# ₹89,611 | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply | Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका चाँदी का सिक्का* और कई अन्य सुनिश्चित लाभ* | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh.^T&C Apply.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारु मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलॉट: दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**